# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका सितम्बर 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त ने सड़को के सौंदर्यीकरण हेतु लगाए जा रहे डिजाइनर पोल का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर भेलवा तालाब में आवश्यक सुधार कार्य, जुनवानी स्थित आनंद नगर में स्वीकृत रोड निर्माण, डिजाइनर पोल एवं तालाब की साफ–सफाई का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त पाण्डेय ने नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब के साफ–सफाई व्यवस्था को देखे और आवश्यक सुधार हेतु जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत को निर्देशित किए हैं। माननीय विधायक रिकेश सेन के विधायक निधि से भेलवा तालाब में आवश्यक संधारण कार्य हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। आवश्यक लाइटिंग, संधारण एवं पैंटीग का कार्य कराया जाएगा । जुनवानी स्थित आनंद नगर में नया रोड निर्माण किया जाना है, उक्त स्थल का अवलोकन कर रोड निर्माण कार्य शीध्र ही प्रारंभ करने निर्देशित किए हैं। एजेंसी से मौके पर निगम आयुक्त द्वारा चर्चा किया गया है जिसके अनुसार तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाएगा । मॉडल टाउन में नेहरू नगर से सूर्या मॉल तक तक रोड सौंदर्यीकरण हेतु डिजाइनर पोल लगाया जा रहा है। जिसका निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य अतिशीध्र पूर्ण करने निर्देशित किए है। जिससे आगामी त्यौहार से पहले शहर के सड़को की प्रकाश व्यवस्था सुगम हो सक आयुक्त ने कोहका आमा तालाब में साफ–सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करते हुए सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किए है। आकर्षक सौंदर्यीकरण, फाऊंटेन, बोटिंग के साथ–साथ रोड से लगे हुए तालाबों में फूड जोन हेतु कुछ दुकानों का निर्माण हेतु चर्चा किया गया है । भेलवा तालाब, आमा तालाब एवं संजय नगर तालाब में व्यवस्थाओं के सुधार हेतु अच्छी पहल होगी ।निरीक्षण के दौरान अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, चंदन निर्मल, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# आयुक्त ने नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

भिलाईनगर। शासकीय वाई.वाई.टी पी.जी. स्वशायी महाविद्यालय दुर्ग में स्थित जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी अंतर्गत संचालित डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब (डी.आई.एच.) की अतिविधियों का नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, चरोदा आयुक्त डी. एस. राजपूत एवं दुर्ग अपर जिलाधिकारी अग्रवाल उपस्थित रहे। दुर्ग जिले में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन दुर्ग एवं टाटा इन्क्यूब फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब की स्थापना 2024 में की गई है। यह हब युवाओं और स्टार्टअप के लिए एक ऐसा मंच है, जहां उन्हें मेम्बररशिप, प्रशिक्षण को–वर्किंग स्पेस, निवेशकों से संपर्क और व्यवसाय को विस्तार देने के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

डी.आई.एच. का उद्देश्य जिले में एक सशक्त और आत्मनिर्भर स्टार्टअप इकोसिस्टम विकसित करना है। टाटा इन्क्यूब फाउंडेशन देश ही अग्रणी संस्था है, जो मूल्य आधारित उद्यमिता, सामाजिक नवाचार और कौशल विकास को प्रोत्साहित करती है। टी.आई.एफ और डी.आई.एच मिलकर दुर्ग में उद्यमिता की नई संभावनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। डी.आई.एच, सीएसआईडीसी तथा अन्य को इन्क्यूबेटर्स नेटवर्किंग प्लेटफार्म और निवेश अवसर प्राप्त हो रहे हैं। अब तक आयोजित इन्वेस्टर कान्क्वेल, एग्रीटेक उद्यमी एवं किसान सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यशालाएं और कालेज आउटरीच कार्यक्रमों ने जिले में युवाओं और उद्यमियों को नई दिशा देने का काम किया है। यह संयुक्त पहल दुर्ग को प्रदेश का एक अभरता हुआ स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण उपरांत आयुक्त द्वारा जिले के सभी महाविद्यालयों विशेषकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर संस्थानों में डी.आई.एच. की गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार करने निर्देशित किया गया है। युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित कर नए उद्यमी तैयार करने पर विशेष जोर दिया जावे। उद्यमिता को जिले के प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट इन्क्यूबेशन हब के प्रोग्राम मैनेजर समीरन मित्रा को गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने के लिए मार्गदर्शन दिया गया।



# महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो को मिली मंजूरी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में प्रमुख रूप से 11 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों का पृथकीकरण एवं सामग्रीयों का क्रय, अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया निर्धारण, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जलकर, संपवेल, पंप हाउस एवं राइजिंग पाईन लाईन जैसे विषयों का शामिल किया गया।

स्वच्छता दीदीयों के माध्यम से 6 नग नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में कचरों के पृथकीकरण तथा गीले कचरे से खाद तैयार करने, स्वच्छ भारत मिशन के दिशा निर्देशानुसार निगम क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर हेतु सामग्री क्रय किये जाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों ने विचार करते हुए सहमति प्रदान किए। गोकुल नगर कुरूद के पास जामुल स्थित शेष अनुपचारित ठोस अपशिष्ट के बायोरेमिडिएशन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के कार्य को कराये जाने की सर्व सम्मति से पारित किया गया। चंद्रा मोर्या अंडरब्रिज के पास आफग्रिड सोलर प्लांट स्थापना कार्य को परिर्वतन कर 77 एमएलडी जलशोधन संयंत्र में आनग्रिड सोलर प्लांट स्थापित करने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों से मंजूरी दी। हाइड्रोलिक एलिवेटर एवं सक्शन कम जेटिंग मशीन को किराया निर्धारण करने पर विचार करते हुए सहमती प्रदान किया गया। नगर निगम भिलाई के 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाईप लाईन बिछाने हेतु सदस्यों ने मंजूदी प्रदान की।

महापौर परिषद की बैठक महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा, साकेत चंद्राकर, केशव चौबे, एकांश बंछोर, आदित्य सिंह, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मन्नान गफ्फार खान, रीता सिंह गेरा सहित उपायुक्त सह सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, लेखाधिकारी एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




नगर पालिक निगम भिलाई

# आवास दिवस के अवसर पर हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपा गया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत आवास दिवस का आयोजन भीमराव अम्बेडकर मांगलिक भवन बैकुण्ठधाम में माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्ण आवासो के हितग्राहियों का वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से गृह प्रवेश कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से कराया गया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, सभी जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सम्मानित अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास घटक अंतर्गत मोर जमीन–मोर मकान के 125 हितग्राहियों को बिल्डिगं परमिशन दिया गया एवं मोर मकान–मोर आस व मोर मकान–मोर चिन्हारी घटक के 38 हितग्राहियों को मकान का कब्जा पत्र, मकान की चाबी एवं गृह प्रवेश प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। 12 हितग्राहियों को स्वतंत्र फाइनेंस बैंक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ऋण उपलब्ध कराकर मकान का शेष राशि निगम कोष में जमा कराया गया। विधायक रिकेश सेन द्वारा प्रधानमंत्री के जन्मदिन की बधाई के साथ आवास योजना से लाभान्वित सभी हितग्राहियों को बधाई दी गई है ।

महापौर नीरज पाल इंदौर स्वच्छता मॉडल को अनुकरण करने के संबंध में शहर वासियों से अपील किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, सूर्य घर योजना, शहर की स्वच्छता एवं वूमेन फॉर ट्री योजना के संबंध में जानकारी दी गई।

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा द्वारा हितग्राहियों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना को महत्वपूर्ण योजना बताया गया। कार्यक्रम स्थल में सूर्य घर योजना से नागरिको को आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम से मुफ्त बिजली बिल की जानकारी प्रदान की गई। उक्त स्थल पर आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक सुविधा भी नागरिको को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता नीतेश मेश्राम, शरद दुबे, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन सहित विभाग के कर्मचारीगणों का विशेष सहयोग रहा।





# नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

भिलाई नगर। 20 सितंबर को रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन सिविक सेंटर भिलाई में किया गया है। आम नागरिकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया आम नागरिकों द्वारा भी उक्त कार्यक्रम को देखने मे रुचि दिखाई गई । कार्यक्रम का आयोजन शाम 6रू30 बजे से 8 बजे तक किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, हेमंत मांझी, पी आई यू श्री अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, स्वच्छ्ता निरीक्षक सीएम यादव एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। रजत जयंती वर्ष 2025 एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 21 सितंबर को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होना है। जोन क्रमांक 01, मधुकामिनी उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रातः 9रू00 बजे आयोजित है। जोन क्रमांक 04 छावनी मंगल बाजार में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश शाम 5रू30 बजे दिया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित है।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने मधुकामिनी उद्यान में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कर सभी को शपथ दिलाए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई नेहरू नगर अंतर्गत मधुकामिनी उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय वार्ड क्रं. 04 पार्षद चंदेश्वरी बांधे के साथ किए। निगम आयुक्त एवं पार्षद की उपस्थिति में नेहरू नगर मधुकामिनी उद्यान में रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कर श्रमदान किया गया। उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं मोहल्ले वासियों द्वारा घर, मोहल्ला, उद्यान, सार्वजनिक स्थल एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने शपथ लिए हैं। निगम आयुक्त, वार्ड पार्षद सहित जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, उप अभियंता बसंत देवांगन, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी सहित अन्य कर्मचारीगणों द्वारा लम्बे समय तक श्रमदान किया गया है। नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से आम नागरिको से अपील है कि अपने घर के साथ—साथ सार्वजनिक स्थलों की साफ—सफाई व्यवस्था में श्रमदान कर सहयोग करें। जिससे जलजनित एवं मौसमी बिमारियों से बचा जा सके। जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के थीम पर स्वामी आत्मांनद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय में स्कूली बच्चो द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छ रहे स्वस्थ्य रहे और प्लास्टिक मुक्त के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही सफाई मित्रों का कर्मचारी राज्य बीमा निगम के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है और ईएसआईसी से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, सफाई मित्र एवं अन्य कर्मचारी सम्मिलित हुए।



# SLRM सेंटर का स्कूली बच्चों एवं NDRF की टीम ने लिया प्रशिक्षण

भिलाईनगर। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत जोन 02 स्थित दशहरा मैदान, जोन 03 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब सहित जोन 04 एसएलआरएम सेंटर एवं वैष्णवदेवी स्कूल में आम नागरिकों के सहयोग से साफ–सफाई हेतु श्रमदान किया गया एवं नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता शपथ दिलाया गया है।

वार्ड क्रमांक 32 बैकुण्ठधाम मंदिर एवं तालाब के आस–पास की सफाई एवं दशहरा मैदान में प्लागिंग एवं झिल्ली, पन्नी उठाने का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग एवं एनडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जन भागीदारी कर स्वच्छता में अपना योगदान दिए है। साथ ही शहर में डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन कर एसएलआरएम सेंटर में खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में एनडीआरएफ टीम को प्रशिक्षण दिया गया है।

जोन क्रमांक 04 अंतर्गत स्कूली बच्चों को एसएलआरएम सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बच्चों को सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में जानकारी दी गई। माता वैष्णवदेवी पब्लिक स्कूल में रंगोली एवं पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता का संदेश देने बच्चों द्वारा रंगोली एवं चित्र बनाकर लोगो में जन जागरूकता लाया गया। इस अवसर पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, अतुल यादव, चूड़ामणी यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी, धनेश्वर, स्वच्छता दीदीयों सहित स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# जवाहर नगर में प्रस्तावित PMAY एवं STP हेतु चिन्हांकित स्थल का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 02 वैशाली नगर अंतर्गत जवाहर नगर मैदान, कुरूद बस्ती के गली में नवीन सीमेंटीकरण रोड, कुरूद बस्ती बाजार मैदान सहित सामाजिक भवन का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

जवाहर नगर के रिक्त भूमि में आवासहीन परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। आवास योजना के साथ नाला के अपशिष्ट जल उपचार हेतु शासन को भेजे गए प्रस्ताव अनुसार चिन्हांकित स्थल का निगम आयुक्त ने निरीक्षण किए हैं। पर्यावरण प्रदुषण के नियंत्रण, जल पुनर्चक्रण के साथ मनुष्य के स्वास्थ्य और सुरक्षा को दृष्टिगत करते हुए अपशिष्ट जल उपचार किया जाना अति आवश्यक है।

आयुक्त एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा कुरूद पुरानी बस्ती में नवनिर्मित सीमेंटीकरण रोड का अवलोकन किया गया है। रोड निर्माण की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने हेतु सहायक अभियंता अर्पित बंजारे निर्देशित किया गया है। इस रोड के निर्माण से बस्ती के सकरी गली में रहने वाले लोगो को आवागमन में सुविधा होगी। स्थानीय निवासियों द्वारा घरेलू अपशिष्ट फेका गया था, मोहल्ले वासियों को समझाइस दी गई है। साथ ही टेंट संचालक के द्वारा टेंट सामग्री बाहर रखा गया है, जिसे हटवाने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किया गया है। कुरूद बस्ती बाजार चौंक मैदान जहां रावन दहन का कार्यक्रम किया जाता है, उक्त मैदान का निरीक्षण किया गया एवं साथ–सफाई हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ निर्माणाधीन सामाजिक भवन का अवलोकन किया गया है, भवन का कार्य प्लास्टर की स्थिति में है। एजेसी को अविलम्ब कार्य करने हेतु कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किए है।





# कुर्की कार्यवाही से बचने हेतु पुराने बकायादारों द्वारा 13.35 लाख रूपये जमा किए

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निवासरत भवनध्भूमि स्वामीयों द्वारा लम्बे समय से अपने बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे थे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की की कार्यवाही करने सभी जोन सहायक राजस्व अधिकारियों का टीम गठित किया गया है। निगम के सभी जोन कार्यालय से कुर्की टीम बकायेदारों के घरो में जा रहे है। कुर्की की कार्यवाही के पूर्व ही बकायादारों द्वारा कुर्की से बचने हेतु निगम कोष में 13 लाख 35 हजार 547 रूपये जमा किए हैं। जिन बकायादारों द्वारा बकाया संपत्तिकर की राशि जमा नहीं किया जा रहा है, उनकी भवनध्भूमि की कुर्की कार्यवाही कर राशि वसूल की जाएगी।

नगर पालिक निगम भिलाई शहर के समस्त संपत्तिकर एवं जलकर बकायादारों से अपील करती है कि अपने बकाया करों का भुगतान नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में जाकर जमा करें, अन्यथा कुर्की जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की जिम्मेदारी आपकी होगी।





**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**